अपर सचिव
–सह–
अपीलीय प्राधिकार
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।
अपील संख्या 87/2022
मो0 शमसे आलम
बनाम
बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड व अन्य।

उपस्थितिः–

श्री विकास कुमार सिंह .... अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता।
मो0 जियाउल कमर .... प्रतिवादी सं0–7 के विद्वान अधिवक्ता।
श्री शहजाद हसन खान एवं
श्री असलम अंसारी .... बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के विद्वान अधिवक्ता।

आदेश

मो0 शमसे आलम, पिता–स्व0 शेख सादिक, ग्राम–बीरा छपरा, थाना–श्यामपुर भटहान, जिला–शिवहर ने बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के आदेश ज्ञापांक 2250 दिनांक 01.10.2021 के विरूद्ध यह अपील दायर की है, जिसके द्वारा संबंधित मदरसा में हाफिज पद पर अपीलार्थी की नियुक्ति को खारिज कर दिया गया है।

प्रतिवादी सं0–7 के विद्वान अधिवक्ता ने दिनांक 01.04.2026 को बहस के दौरान अपीलीय प्राधिकार को बताया कि अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता सुनवाई में प्रायः अनुपस्थित रहते है। सुनवाई की पिछली तिथि पर भी अपीलार्थी के अधिवक्ता को बहस हेतु अंतिम मौका मिला था, परंतु वह आज पुनः अनुपस्थित है। अतएव, इस वाद को D.F.D (Dismiss for Default) कर दिया जाए।

मदरसा शिक्षा बोर्ड के विद्वान अधिवक्ता ने दिनांक 01.04.2026 को बहस के दौरान अपीलीय प्राधिकार को बताया कि अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को बहस हेतु अनेक मौके दिए गए थे, परंतु इसके बावजूद वादी के अधिवक्ता न तो सुनवाई में उपस्थित हुए एवं फलस्वरूप न ही कोई बहस की। इससे प्रतीत होता है कि इस अपील के संचालन/सुनवाई में वादी की कोई अभिरूचि नहीं है। वह लगातार सुनवाई में भाग नहीं ले रहे हैं, इसलिए अपीलार्थी के उक्त Default के मद्देनजर इस अपील को Dismiss किया जाए।

निष्कर्षः– प्रतिवादी सं0–7 एवं बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के विद्वान अधिवक्ता की दलील को सुनने के बाद अपील की संचिका का अवलोकन किया। अपील की संचिका के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि अपीलार्थी को इस अपील की सुनवाई के दौरान दिनांक 31.10.2025 एवं 15.01.2026 को बहस हेतु अंतिम मौका दिया गया था, परंतु उक्त निदेश के

बावजूद वह अनुपस्थित रहे, सम्प्रति इस अपील के संचालन में अपीलार्थी की कोई अभिरूचि प्रतीत नहीं होती है।

उपरोक्त के आलोक में, अपीलार्थी के Default के मद्देनजर इस अपील को D.F.D (Dismiss for Default) किया जाता है एवं इसकी सुनवाई बंद की जाती है।

ह0/–
(विजय कुमार)
अपर सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक 28 दिनांक 08/04/2026

प्रतिलिपिः– अध्यक्ष/सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, बिहार, 05, विद्यापति मार्ग, पटना/मो0 शमसे आलम, पिता–स्व0 शेख सादिक, ग्राम–बीरा छपरा, थाना–श्यामपुर भटहान, जिला–शिवहर/प्रबंध समिति, मदरसा इस्लामिया अरबीया श्यामपुर बीरा छपरा, थाना–श्यामपुर भटाहन, जिला–शिवहर/क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर/जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिवहर/आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को विभागीय साईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Vijay 9/4/26
(विजय कुमार)
अपर सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।